ए0एल0 बनर्जी
आई0पी0एस0

अ.शा.परिपत्र संख्या-डीजी- 13/2014

पुलिस महानिदेशक, उत्तर प्रदेश
1-तिलक मार्ग, लखनऊ-226001
फोन नं0-0522-2206104, फैक्स नं0 2206120
सीयूजी नं0-9454400101
ई-मेल-dgpolice@sify.com, police@up.nic.in
वेबसाइट-uppolice.up.nic.in

दिनॉकः मार्च 03, 2014

प्रिय साथियों

यह संज्ञान में आया है कि जनपदीय प्रभारी पुलिस अधीक्षकों द्वारा नियमित रूप से अपने जनपद के जन-प्रतिनिधियों अर्थात सांसदों एवं विधायकों आदि के साथ मासिक रूप से अपराध नियंत्रण, शान्ति एवं कानून व्यवस्था आदि विषयों पर विचार-विमर्श हेतु गोष्ठी नहीं आयोजित की जा रही है, जबकि इस सम्बन्ध में पूर्व में इस मुख्यालय से समय-समय पर निर्देश भी निर्गत किये गये हैं, जो पार्श्व में उल्लिखित हैं। ऐसा प्रतीत होता है आपके नियन्त्रणाधीन परिक्षेत्रों के जनपदों में इस प्रकार की गोष्ठियॉ आयोजित नहीं की जा रही हैं, यह स्थिति अत्यन्त खेदजनक है। उल्लेखनीय है कि प्रायः शासन स्तर पर आयोजित होने वाली बैठकों, आश्वासन समिति की साक्ष्य में भाग लेने वाले जन प्रतिनिधियों द्वारा इस आशय की शिकायत की जाती है कि जन प्रतिनिधियों की गोष्ठी कराए जाने सम्बन्धी निर्देशों के बावजूद जनपद स्तर पर गोष्ठियों का आयोजन नहीं किया जाता है, जिससे उनके विचारों एवं सुझावों का आदान-प्रदान नहीं हो पाता है एवं सक्षम स्तर पर उनकी बात न सुने जाने के कारण उन्हें असुविधा होती है ।

1. परिपत्र सं0: 06/1992, दिनांक 29.01.92
2. परिपत्र सं0: 48/1981, दिनांक 16.10.81,
3. अ0शा0पत्रांकः कान-58-81, दिनांक 07.11.81
4. अ0शा0पत्रांकः कान-98-81, दिनांक 21.05.84

2. आप सहमत होंगे कि जन-प्रतिनिधियों से सामयिक विषयों पर समय-समय पर चर्चा करना पुलिस प्रशासन के हित में है। इससे एक तरफ आपको उनकी भावनाओं को समझने का अवसर मिलता है और उनके द्वारा दिये गये उपयोगी सुझावों से पुलिस व्यवस्था भी और चुस्त-दुरूस्त की जा सकती है, वहीं दूसरी ओर इस प्रकार की गोष्ठियों से एक ऐसा अवसर प्राप्त होता है जब आप पुलिस के दृष्टिकोण और विशेष तौर से अपनी कठिनाइयों से जन-प्रतिनिधियों को अवगत भी करा सकते हैं। इसके अतिरिक्त विचारों के आदान-प्रदान से एक-दूसरे को समझने मे सहायता मिलती है ।

3. मै पुनः यह कहना चाहूँगा कि जन प्रतिनिधियों के साथ गोष्ठियॉ नियमित रूप से हर माह जनपदों में आयोजित की जॉय । गोष्ठियों में उठाये गये बिन्दुओं के बारे में संकलित आख्या जोनल पुलिस महानिरीक्षक के माध्यम से इस मुख्यालय को प्रेषित की जाये ।

भवदीय,

03/03/14

(ए0एल0 बनर्जी)

समस्त जोनल पुलिस महानिरीक्षक,
उत्तर प्रदेश ।

**प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :-**

1. समस्त परिक्षेत्रीय पुलिस उपमहानिरीक्षक, उत्तर प्रदेश ।
2. समस्त वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक/पुलिस अधीक्षक, प्रभारी जनपद, उ0प्र0।